भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 864
उत्तर देने की तारीख 21.07.2022

एमएसएमई क्षेत्र में संभावनाएं

864. श्री प्रवीन कुमार निषाद:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए मौजूद संभावनाओं का ब्यौरा क्या है और इसमें कौन से प्रमुख मुद्दे और चुनौतिया हैं; और

(ख) एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में संचालित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री
(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) : उद्यम पोर्टल के अनुसार दिनांक 15.07.2022 तक उत्तर प्रदेश के संतकबीर नगर जिले में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की संख्या निम्नवत है:

सूक्ष्म इकाई	लघु इकाई	मध्यम इकाई	कुल वर्गीकृत	कुल पंजीकृत
4067	83	7	4157	4186

संत कबीर नगर जिले (उत्तर प्रदेश) में पीतल के उत्पादों एवं वस्तुओं, होजरी उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण इत्यादि के विकास की संभावनाएं हैं। मुख्य मुद्दे तथा चुनौतियां कच्चे माल की उपलब्धता, डिजाइन का विकास, उत्पादन प्रक्रियाएं, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग तथा निर्यात अवसर से संबंधित हैं।

(ख) : सरकार उत्तर प्रदेश राज्य (संत कबीर नगर) सहित देश भर में एमएसएमई क्षेत्र की संवृद्धि एवं विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करती है। इन योजनाओं/कार्यक्रमों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम-कलस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) एमएसएमई के लिए प्रापण एवं विपणन सहयोग, आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) तथा पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार की निधि योजना (स्फूर्ति) शामिल है।

*****